प्रदर्शन | शहर प्रवेश की अनुमति न मिलने पर किसान नाराज, कटरा बाईपास पर नेशनल हाईवे घंटों लगा रहा जाम

# आक्रोशित किसानों का फूटा गुस्सा, राष्ट्रीय राजमार्ग में लगाया जाम

**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** किसानों का आक्रोश उस वक्त खुलकर सामने आया जब सैकड़ों किसान अपनी मांगों को लेकर कटरा बायपास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर उतर आए। किसानों ने सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी की और मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण मंडला-जबलपुर मार्ग पर यातायात ठप्प हो गया। हालांकि बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद किसानों ने जाम खोल दिया। इस आंदोलन में किसानों ने कहा कि हाल ही में कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में पलारी फसल अवशेष जलाने पर किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिए गए हैं। किसानों ने इसे अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील निर्णय बताते हुए आदेश को तत्काल निरस्त करने मांग की। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के




बाद खेत में बचे अवशेष जलाना उनकी मजबूरी है क्योंकि पर्याप्त मशीनें और साधन उनके पास नहीं हैं। ऐसे में इस आदेश से किसानों पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाएगा। प्रदर्शन में शामिल किसान संगठनों ने कहा कि प्रशासन को पहले किसानों के हालात समझने चाहिए न कि उन पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

जानकारी अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा की समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित विशाल ट्रैक्टर रैली को शुक्रवार को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने पर किसानों में नाराजगी देखी गई। जिले भर से आए किसानों ने अपनी मांगों को लेकर कटरा बाईपास पर नेशनल हाईवे को जाम कर दिया।

किसानों ने कलेक्टर सहित जिम्मेदार अधिकारियों से मौके पर आकर चर्चा करने की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में लगभग 100 ट्रैक्टरों के साथ किसान विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौंपने के लिए रवाना हुए थे। लेकिन प्रशासन द्वारा केवल 10 ट्रैक्टरों को ही शहर में प्रवेश की अनुमति दी गई, जिसके चलते शेष ट्रैक्टरों को कटरा बाईपास पर रोक दिया गया। इस निर्णय से नाराज किसानों ने बाईपास पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया।

बताया गया कि शाम करीब 5 बजे किसानों ने जिला मुख्यालय के लिए रैली निकाली। इस दौरान नेशनल हाईवे पर करीब तीन घंटे तक यातायात ठप रहा और बड़े वाहनों के पहिए थम गए। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा के बाद स्थिति सामान्य हुई और रैली शांति पूर्वक संपन्न हुई।

# भारी बारिश से फसलें बर्बाद, किसानों को दोहरा नुकसान

बारिश का कहर, धान और सरसों की फसलें तबाह
कीड़ों और सड़ांध से किसानों में हाहाकार



**बबलिया 31 अक्टूबर नभाप्र.** पूरे जिले समेत बबलिया क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। मूसलाधार वर्षा ने खरीफ की मुख्य फसल धान और रबी की तैयारी के लिए बोई गई सरसों को पूरी तरह से चौपट कर दिया है। लगातार हो रही क्षति से किसानों में भारी खलबली मची हुई है, जिससे किसानों के माथे में चिंता की लकीरें स्पष्ट दिख रही है।

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि खेतों में कटी हुई धान की फसल पानी में डूबी होने के कारण सड़ रही है। जल जमाव के साथ-साथ इसमें कीटों का प्रकोप भी बड़े पैमाने पर देखा जा रहा है, जिससे फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है, जो खड़ी फसल बची थी, वह भी तेज हवा और पानी के कारण गिर चुकी है। गिरी हुई फसल में भी कीड़े लग गए हैं और वह पानी के कारण गल रही है, जिससे किसानों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है।

इसी तरह सरसों की फसल पर भी अतिवृष्टि का गंभीर प्रभाव पड़ा है। अधिक नमी के कारण पौधों में कीड़े लग गए हैं, और उनके फूल तेजी से गिर रहे हैं। फूलों के गिरने से सरसों की उपज की कोई संभावना नहीं बची है। किसानों का कहना है कि उनकी भारी क्षति हो रही है और वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वे क्षेत्र में हुए नुकसान का तत्काल सर्वे करवाएँ और प्रभावित कृषकों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान करें जिससे उन्हें इस संकट से बाहर निकलने में मदद मिल सके।

# जिला अस्पताल साईकिल स्टैंड पर मनमानी

तय दर से अधिक वसूल रहे किराया
मरीज के परिजनों से अभद्र व्यवहार
मंडला अस्पताल पार्किंग में खुली लूट



**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** जिला चिकित्सालय मंडला का साइकिल स्टैंड इन दिनों खुली लूट और मनमानी का केंद्र बन गया है, जहां मरीजों के परिजन पहले ही तनाव में होते हैं और ऊपर से उन्हें अभद्र व्यवहार और बेहिसाब पार्किंग शुल्क का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर के भीतर पार्किंग ठेकेदारों की इस अनियमितता को लेकर बम्हनी निवासी गौरव हरदहा ने शिकायत दर्ज की है।

गौरव हरदहा ने बताया कि वह विगत दिवस 29 अक्टूबर की शाम से 31 अक्टूबर की सुबह तक अपनी मोटरसाइकिल स्टैंड में खड़ी करने पर उनसे कुल 40 रुपये वसूले गए। शुरुआत में 10 रुपये लिए गए और गाड़ी उठाते समय 30 रुपये की मांग की गई, जबकि 24 घंटे के हिसाब से यह दर अत्यधिक थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि पैसे मांगने वाले कर्मचारियों के पास न तो अपनी कोई आधिकारिक पहचान थी और न ही शुल्क का कोई लिखित विवरण या दर सूची मौजूद थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने पैसे का हिसाब और दस्तावेज दिखाने के लिए कहा तो स्टैंड कर्मियों ने गुंडों जैसा व्यवहार करते हुए ऊंची आवाज में बात करना शुरू कर दिया। हिसाब-किताब के लिए दस्तावेज मांगने पर टालमटोल करते हुए कहा गया कि 11 बजे के बाद आइए, तब सब दिखा दिया जाएगा।

बताया गया कि जारी की गई पार्किंग रसीद भी पूरी तरह से अमानक है। टिकट पर कहीं भी लिए गए पैसे का विवरण दर्ज नहीं है, और तारीख को पेन से गोला बनाकर दर्शाया गया है। पीड़ित ने सवाल उठाया कि एक व्यक्ति जो मरीज को लेकर पहले से ही परेशान है, उसे महज हिसाब के लिए 11 बजे तक इंतजार करने या बार-बार अस्पताल आने को क्यों कहा जा रहा है। बताया गया कि जिला अस्पताल के साइकिल स्टैंड पर कार्यरत व्यक्तियों को केवल पैसा कमाने से मतलब है और वे किसी भी नियम या पारदर्शिता का पालन नहीं कर रहे हैं। इस गंभीर लापरवाही और असुविधाजनक व्यवहार पर प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेते हुए पार्किंग ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों का उत्पीड़न रोका जा सके।

## 150 वीं जयन्ती पर 148वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी दौड़



**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने फिट इंडिया, रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन किया। कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के सानिध्य में यह दौड़ सीआरपीएफ कैम्प पुलिस लाइन से शुरू होकर बिंझिया चौक, नेहरू चौक होते हुए स्टेडियम तक संपन्न हुई। इस आयोजन में स्थानीय पुलिस के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर कमांडेंट सारंगपाणि ने वाहिनी के अधिकारियों प्रमोद कुमार यादव, अमरी प्रसाद सहित जवानों को देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने की शपथ दिलाई।

# तेज रफ्तार का कहर, दो बाइकों की टक्कर में 6 घायल

## 3 गंभीर रूप से जबलपुर रेफर, भावल-गूजरसानी मार्ग पर भीषण हादसा, पैदल जा रही युवती भी घायल



**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** जिले में तेज रफ्तार और बेलगाम दौड़ते वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रही है, जिसके कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। बताया गया कि नारायणगंज भावल और गूजरसानी मार्ग पर सड़क हादसे में दो बाइक की जोरदार टक्कर के बाद एक पैदल जा रही युवती सहित कुल छह लोग घायल हो गए। घायलों में तीन युवकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल किया गया है। हादसे की जानकारी टिकरिया थाना पुलिस को दी गई, जिसने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार यह हादसा भावल और गूजरसानी मार्ग के एक मोड़ पर हुआ। बताया गया कि गूजरसानी निवासी रामनाथ मरावी, रवि सिंह मरावी और शिवराज यादव भावल की तरफ तेज रफ्तार बाइक से आ रहे थे। तभी सामने से गूजरसानी की तरफ जा रहे धनेश्वर यादव और अनिल यादव की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे पैदल जा रही भावल निवासी विराजो सैयाम को भी टक्कर मार दी। घायल अनिल यादव ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक को देखकर उन्होंने अपनी बाइक सड़क के किनारे कर ली थी, लेकिन वह उन्हें टक्कर मारती हुई आगे बढ़ गई।

### तीन गंभीर घायल रेफर

हादसा इतना भीषण था कि कुल छह लोग चोटिल हुए। इनमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जबलपुर मेडिकल रेफर किया गया। रेफर किए गए घायलों में रवि सिंह मरावी जिसका सीधा पैर घुटने से टूट गया था, रामनाथ मरावी को सिर में गंभीर चोट आई और धनेश्वर यादव के पैर की उंगलियां टूटी गई थी।



### घायलों का चल रहा सीएचसी में उपचार

हादसे में सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी नारायणगंज लाया गया। जहां डॉ. राजेश अहिरवार और डॉ. राकेश विश्नोई द्वारा सभी घायलों का उपचार शुरू किया गया। हादसे में घायल लोगों के सीएचसी में आने के बाद सीएचसी के स्टाफ से नर्सिंग ऑफीसर राजकुमारी सैयाम, सरोजनी धुर्वे, ड्रेसर संतलाल, सूरज, गार्ड दुर्गेश सिंगरौरे, अंकित और रोहित शर्मा ने तत्काल सक्रिय होकर सभी घायलों को उपचार दिलाने में मदद की गई। घायलों में तीन गंभीर युवक रामनाथ मरावी, रवि सिंह मरावी और धनेश्वर यादव को तत्काल उपचार देकर जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया। वहीं तीन घायलों का उपचार सीएचसी नारायणगंज में चल रहा है।

# मंडला के साइकिलिस्ट हेमंत खरे कश्मीर से कन्याकुमारी दल में शामिल, करेंगे चार हजार किमी का सफर

17 दिन में तय करेंगे कश्मीर से कन्याकुमारी का सफर
सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय गौरव
2000 आवेदकों में से मंडला के हेमंत खरे का चयन



**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** मंडला जिले के साइकिलिस्ट हेमंत खरे ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश के सबसे बड़े साइकलिंग अभियान के-2-के (कश्मीर से कन्या कुमारी) में अपनी जगह बनाई है। यह यात्रा 01 नवंबर को श्रीनगर से शुरू होकर 17 नवंबर को कन्याकुमारी में संपन्न होगी, जिसके दौरान साइकिलिस्ट लगभग 4000 किलोमीटर की दूरी 17 दिनों में तय करेंगे। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, फिट इंडिया मूवमेंट और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार इस मैराथन साइकिल यात्रा के लिए देशभर से करीब 2000 प्रतिभागियों ने आवेदन किया था, जिनमें से अत्यंत कठिन चयन प्रक्रिया के बाद मात्र 150 साइकिलिस्टों को चुना गया है। मध्यप्रदेश से मंडला के हेमंत खरे पिता स्व. बलवंतराव खरे का चयन इस दल में हुआ है, और वे सफर प्रारंभ करने के लिए श्रीनगर पहुंच चुके हैं।

बताया गया कि यह यात्रा एशिया की सबसे बड़ी और लंबी संगठित साइकिलिंग एक्सपीडिशन मानी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश भर में वन नेशन, वन राइड, वन स्पिरिट का संदेश देना है, जो राष्ट्रीय एकता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा। बताया गया कि हेमंत खरे पूर्व में नर्मदा परिक्रमा साइकिल यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी कर चुके हैं और वे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माने जाते हैं।

## नैनपुर थाने में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

**नैनपुर 31 अक्टूबर नभाप्र.** नैनपुर थाने में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई के योगदान को याद करते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में एसडीएम आशुतोष महादेव, तहसीलदार हीरासिंह, नपा अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी और एसडीओपी मनीष राज सहित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। सभी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए देश की अखंडता बनाए रखने संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर घुघरी थाना परिसर हुआ हरा-भरा

## सरदार पटेल को श्रद्धांजलि के साथ थाना परिसर में किया गया पौधरोपण




**घुघरी 31 अक्टूबर नभाप्र.** घुघरी थाना परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती अवसर पर देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को पुलिस स्टाफ द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। थाना प्रभारी पूजा बघेल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझते हुए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए थाना परिसर में वृक्षारोपण किया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए जागरूक करना भी था। बताया गया कि सुबह 11 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी पूजा बघेल ने स्टाफ के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस दौरान उपनिरीक्षक रामकिशोर माथरे, चंद्र सिंह पट्टा सहित थाने का संपूर्ण पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में रन फॉर यूनिटी, रन फॉर साइबर अवेयरनेस एवं पौधा रोपण कार्यक्रम

## मंडला पुलिस द्वारा जिला खेल विभाग एवं जिला प्रशासन की सहभागिता में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन




**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग की सहभागिता में मंडला पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिंझिया तिराहा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रीय एकजुटता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ करने के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला कलेक्टर मंडला, पुलिस अधीक्षक मंडला, नगरपालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, 148 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कमांडेंट, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला खेल अधिकारी, अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्कूल-कॉलेजों के लगभग 1000 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

दौड़ समाप्ति पर महात्मा गांधी स्टेडियम में कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके द्वारा सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ एवं जिला कलेक्टर द्वारा साइबर जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस बल को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई।

# अनुप्रिया-अनुश्री ने बढ़ाया नारायणगंज का गौरव, किया सम्मान

## राज्य स्तरीय हॉकी में सांदीपनि की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**नारायणगंज 31 अक्टूबर नभाप्र.** ग्वालियर में विगत दिवस आयोजित हुई राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय नारायणगंज का नाम गर्व से ऊंचा हो गया है। विद्यालय की कक्षा 8वीं की दो होनहार छात्रा अनुप्रिया अग्निहोत्री और अनुश्री अग्निहोत्री पिता सोमेश अग्निहोत्री ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इन दोनों खिलाड़ियों के शानदार खेल और प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष है। विद्यालय की प्राचार्य अर्चना नेमा ने छात्राओं की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इनकी सफलता ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि समूचे नारायणगंज क्षेत्र में भी गर्व है। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए विद्यालय की शिक्षिका संगीता गुप्ता, जिला खेल अधिकारी मंगल सिंह पंद्रों, विकासखंड समन्वयक करुणा मर्सकोले और पीटीआई सुजीता यादव सहित समस्त स्टाफ ने इन छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



मेला | राजीव कालोनी में भरी मढ़ई, लोगों का उमड़ा सैलाव

# चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन पर नाचे अहीर



**मंडला 31 अक्टूबर नभाप्र.** दीपावली पर्व की भाईदूज से लेकर देवउठनी ग्यारस तक क्षेत्र के ग्रामो में मढ़ई मेले भरने की पुरानी परंपरा है। मेले की खास बात यह है कि क्षेत्र के कुछ ग्राम ऐसे भी है, जिनकी मढ़ई मेले का आयोजन मशहूर है। जिनमें शिरकत करने क्षेत्रवासियों व नगर के लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। बता दे कि मढ़ई मेले का दौर शुरू होते ही यादव समाज के लोग ढोल डमाल के साथ नृत्य कर सबका मन मोहते है। जानकारी अनुसार मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम देवदरा के राजीव कालोनी में देव उठनी ग्यारस के एक दिन पहले मढ़ई भरी जाती है। जिसके अंतर्गत मढ़ई ब्याही गई। राजीव कालोनी मढ़ई में पंडा ने चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन के सथ अहीर समाज ने जयकारे लगाए। परंपरागत वेशभूषा में ढोल की धुन पर झूमते अहीरों को देखने लोगों का तांता लगा रहा। राजीव कालोनी स्थित शासकीय स्कूल के सामने स्थित मैदान में मड़ई का आयोजन किया गया।

मढ़ई में पहुंचे अहिरों ने बीच मढ़ई स्थल मैदान में चंडी लगाकर उसके चारों और नाचते गाते हुए पूजन किया। मढ़ई यदि कुछ विशेष आकर्षण होता है तो वह है परंपरागत वेशभूषा में सजे अहीरों का नृत्य। इसके आलावा मढ़ई में आने वाले लोग झूला झूलने के लिए उमड़ पड़े। यहां भी झूले के इर्द गिर्द लोगों का हूजुम लगा रहा। झूले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही बड़े झूले के पास युवक, युवतियों की भीड़ लगी रही। गुड़ की मिठाईयां, सिंघाडे, गुब्बारे, गन्ने की मढ़ई में अधिक बिक्री हुई।

### परंपरागत भरी मड़ई

मेले में सबसे ज्यादा मनहारी की दुकानों में भीड़ देखी गई। महिलाओं ने इन दुकानों से श्रृंगार सामग्री खरीदी। राजीव कालोनी निवासी इंद्रजीत उसराठे ने बताया कि वर्षो से यहां परंपरागत मढ़ई भरती आ रही है। गांवों में भरने वाली मढ़ई मेलों में ग्रामीण जिन्दगी का मौलिक रंग दिखाई देता है। इन क्षेत्रों के मेले में सब्जी से लेकर रंग रोगन, श्रृंगार, खिलौने, फल, गृहस्थी के समान, खाद्य सामग्री की दुकाने सजी रही। मड़ई में जमकर बिक्री हुई। आसपास के अंचलों से मढ़ई ब्याहने पहुंचे आहीरों ने अपने पंरपरागत परिधान में झूमते गाते दिखाई दिए। जिनको देखने लोगो का हुजूम लगा रहा, और लोगों ने इनका स्वागत किया।



हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
मो.- 7828214860, 8305671202
ऑफर सीमित समय के लिये*
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला